कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य/संस्था/सी–4/रजीगृ/रसायन विज्ञान/स्थानान्तरण /2019–20 दिनांकः– 29.09.2019 के तहत् श्री राकेश कुमार सोखल, व्याख्याता, रसायन विज्ञान, राउमावि, श्रीकरणपुर, गंगानगर का स्थानांतरण राउमावि वस्सी, वस्सी खास, डूंगरपुर किया गया। श्री राकेश कुमार सोखल ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में एस. बी.सी. याचिका संख्या 15235/2019 श्री राकेश कुमार सोखल बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई जिसके क्रम में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 04.10.19 द्वारा याचिकार्थी श्री राकेश कुमार सोखल को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय न्यायालय के निर्णय दिनांकः 04.10.19 के क्रम में याचिकार्थी श्री राकेश कुमार सोखल द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। जिसे इस कार्यालय के आदेश क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–1/अभ्यावेदन/राकेश कुमार सोखल/को.के./19–20 दिनांकः 01.11.2019 द्वारा खारिज कर निस्तारित किया गया।

याचिकार्थी श्री राकेश कुमार सोखल द्वारा पुनः माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील प्राधिकरण, चलपीठ जोधपुर में अपील संख्या 742/2019 राकेश कुमार सोखल बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई। जिसके क्रम में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 18.02.2020 द्वारा अपीलार्थी राकेश कुमार सोखल को पुनः एक नवीन अभ्यावेदन पेश करने तथा अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे एक सकारण आख्यात्मक आदेश द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी राकेश कुमार सोखल द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं स्वयं की माता के मानसिक रूप से पागल तथा स्थानान्तरित स्थान निवास स्थान से 1000 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के आधार पर परिवेदना प्रस्तुत की।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों और विभाग के दिशा निर्देशों/परिपत्रों और नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। राकेश कुमार सोखल, व्याख्याता, रसायन विज्ञान का समायोजन राबाउमावि रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर में व्याख्याता रसायन विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन/परिवेदना का निस्तारण किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवे।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–1/रजीगृ/अभ्यावेदन/राकेश कुमार सोखल/को.के/19–20 दिनांकः– 26/02/2020

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, जोधपुर।
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जोधपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य...।
9. संबंधित कार्मिक...।
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

e:\c-4 letter file 21-08-19\court case cbh 2019\k-k transfer parivedna.docx